हरिभूमि
महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026

11 महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकाली शोभायात्रा...



12 गुरु शिवराम दास महाराज सिद्ध संत हुए : महंत बाबलदास



खबर संक्षेप

धनौंदा पावर सब-स्टेशन की बिजली रहेगी बाधित

कनीना। बिजली निगम कार्यालय के एसडीओ उमेश वर्मा ने बताया कि धनौंदा स्थित 400 केवी पावर ग्रिड सब स्टेशन पर पावर ट्रांसफार्मर के मेंटेनेंस कार्य के चलते मंगलवार को बिजली बाधित रहेगी। जिस कारण कई क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। 33 केवी करीरा फीडर, 33 केवी सिहोर फीडर, 33 केवी बाघोत फीडर तथा 33 केवी स्वतंत्र अडानी फीडर की बिजली चार घंटे बाधित रहेगी।

सीहोर नहर में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

कनीना। गांव सीहोर के पास से गुजर रही जेएलएन नहर में सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब ग्रामीणों ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव तैरता हुआ देखा। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी सिटी पुलिस को दी। शहर थाना पुलिस और राइडर मौके पर पहुंचे और शव को ग्रामीणों की मदद से नहर से बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। सिटी थाना इंचार्ज पंकज कुमार ने बताया कि नहर में मिले शव के मामले में पुलिस हादसे, आत्महत्या या आपराधिक साजिश सहित सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

पॉलिटेक्निक में आज अभिभावक-अध्यापक बैठक

नारनौल। बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की दूसरी अभिभावक-अध्यापक बैठक 27 अक्टूबर को होगी। बैठक में विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, उपस्थिति, सेशनल परीक्षाओं के परिणाम तथा हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड की पिछली परीक्षाओं के परिणामों पर चर्चा की जाएगी।

पंचायत में पिस्टल लेकर पहुंचा युवक

नांगल चौधरी। आंतरी गांव में किसी मुद्दे को लेकर चल रही पंचायत में एक युवक पिस्टल लेकर पहुंचने का मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर सीआईए स्टाफ नारनौल की टीम मौके पर पहुंची और युवक से पिस्टल, एक मैगजीन व चार जिंदा कारतूस बरामद किए। पिस्टल का लाइसेंस नहीं दिखाने पर आरोपित युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज करके हिरासत में लिया गया है। बरामद पिस्टल नरेश पुत्र भरत सिंह निवासी खेड़ा मुरार रेवाड़ी जिले की लाइसेंसी है। रणधीर पिस्टल को नरेश की जानकारी के बिना लेकर आया था। आंतरी गांव में आयोजित पंचायत के दौरान वह पिस्टल लेकर बैठा हुआ था। पंचायत में किसी मुद्दे पर चर्चा चल रही थी। मुखबिर से सूचना मिलने पर सीआइए ने आरोपित युवक को राउंडअप किया तथा पिस्टल को कब्जे में लिया। तलाशी के दौरान आरोपित की पॉकेट से जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस की घेराबंदी को देखकर आरोपित ने पहले भागने की कोशिश की। पंचायत में उपस्थित भीड़ ने शौर शराबा करके आरोपित को बचाने का प्रयास किया।

नारनौल मंडी में अब तक 2.32 लाख क्विंटल बाजरे की बिक्री

छुट्टी के दिन भी बाजरे की खरीद जारी, भाव 2500 रुपये तक पहुंचे, व्यापारियों को बेचने में ज्यादा रुचि दिखा रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



नारनौल। अनाज मंडी में लाया गया बाजरा।

महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवकाश के बावजूद नांगल चौधरी रोड पर जल महल के नजदीक स्थित अनाज मंडी में सोमवार को बाजरे की खरीद जारी रही। मंडी में बाजरे का अधिकतम भाव 2500 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गया। सोमवार को 198 गेट पास जारी हुए और करीब 5600 क्विंटल बाजरे की आवक दर्ज की गई। मंडी में अब तक कुल करीब 2 लाख 32 हजार क्विंटल बाजरा बिक चुका है। व्यापारियों की ओर से बेहतर भाव मिलने के चलते किसान सरकारी खरीद एजेंसी हैफेड के बजाय निजी व्यापारियों को बाजरा बेचने में अधिक रुचि दिखा रहे हैं।

सरकार ने खरीफ सीजन में बाजरे की सरकारी खरीद एक अक्टूबर से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर करने की घोषणा की थी। महेंद्रगढ़ जिले में खरीद के लिए हैफेड को एजेंसी नियुक्त किया गया है। बाजरे का एमएसपी 2300 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है। इसके अतिरिक्त पात्र किसानों को 600 रुपये प्रति क्विंटल भावांतर भरपाई देने का प्रावधान है। इस तरह निर्धारित शर्तों के अनुसार किसानों को कुल 2900 रुपये प्रति क्विंटल तक का लाभ मिल सकता है। हालांकि, हैफेड अब तक करीब 199.5 क्विंटल बाजरा ही खरीद पाई है। निजी व्यापारियों के अधिक भाव देने के कारण किसान अपनी उपज उन्हें बेचने को प्राथमिकता दे रहे हैं। निजी व्यापारियों के यहां बाजरे के दाम में लगातार तेजी देखने को मिल रही है। सोमवार को अधिकतम भाव 2500 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंचना किसानों के लिए राहत की बात रही। निजी खरीद के दौरान जे-फार्म भरवाने की प्रक्रिया भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि निर्धारित नियमों के तहत इसके आधार पर किसानों को भावांतर योजना का लाभ मिल सकता है।

मार्केट कमेटी के चेयरमैन बाबूलाल यादव ने बताया कि नारनौल मंडी में किसानों को जिले में बेहतर भाव मिल रहे हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि मंडी में बाजरा लाने के बाद बोली के समय अपनी ढेरी पर मौजूद रहें, ताकि खरीद प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी न हो। किसान ट्रैक्टर पर नंबर लिखवाकर आएं और निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही बाजरा लेकर पहुंचें। उन्होंने जे-फार्म भरवाने की प्रक्रिया पूरी करने की सलाह भी दी, ताकि पात्र किसानों को सरकारी योजना का लाभ मिल सके। जिले में करीब छह मंडियों में बाजरे की आवक जारी है। इस सीजन में मंडियों में खरीद लगभग 15 नवंबर तक चलने की संभावना है। ऐसे में किसानों को अपनी उपज बेचते समय भाव, खरीद प्रक्रिया और सरकारी योजना से जुड़ी शर्तों का ध्यान रखने की जरूरत है।

मार्केट कमेटी की कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव नुकुल यादव ने बताया कि शेड्यूल मुताबिक 27 अक्टूबर को नारनौल अनाज मंडी में शहरपुर, रामबास एवं सेका गांवों के किसानों का बाजरा खरीदा जाएगा।

कनीना मंडी में 3 लाख क्विंटल बाजरे की आवक

कनीना। नई अनाज मंडी चेलावास में शनिवार तक तीन लाख क्विंटल बाजरे की आवक हो चुकी है। आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान पूर्णचंद सहरावत ने बताया कि सोमवार को मंडी में खरीद कार्य नहीं किया गया, जबकि इस दौरान खरीदे गए बाजरे का उठान कार्य किया गया। मंगलवार से विधित शेड्यूल अनुसार खरीद कार्य होगा। उन्होंने बताया कि 27 अक्टूबर को कनीना, कैमला, खेड़ी और खडकडावास, 28 अक्टूबर को खैराना, कोका, कोटिया व मानपुरा, 29 अक्टूबर को मोहमदपुर, मोडी, मुण्डियाखेडा और नांगल, 30 अक्टूबर को नौताना, पड़तल, पाथेड़ा, पोता व रामबास तथा 31 अक्टूबर को रसूलपुर, सेहलंग, सिहोर व सुन्दरह गांव के किसानों की फसल खरीदी जाएगी।

बिना फिंगरप्रिंट नहीं खुलेंगे शीशे के दरवाजे, बाहरी लोगों की आवाजाही पर लगेगी रोक

अस्पताल के गायिनी-एमएनसीयू वार्ड में अब 'बायोमीट्रिक पहरा'

आठ गार्डों को दूसरी जगह लगाया, सुरक्षा के साथ मरीजों की सुविधा पर भी रहेगा जोर

राजकुमार ⏭ नारनौल



नारनौल। गायिनी वार्ड में गेट पर लगाया गया सिस्टम। फोटो : हरिभूमि

नागरिक अस्पताल के गायिनी तथा मातृ एवं नवजात शिशु देखभाल इकाई (एमएनसीयू) वार्ड में अब बिना पहचान और अनुमति के प्रवेश नहीं मिलेगा। प्रसूताओं और नवजात शिशुओं की सुरक्षा तथा अनावश्यक भीड़ रोकने के लिए प्रवेश द्वारों पर बायोमीट्रिक एक्सेस कंट्रोल सिस्टम लगाया गया है। शीशे के इन दरवाजों से गुजरने के लिए अधिकृत कर्मचारियों को फिंगरप्रिंट दर्ज कराना होगा, जबकि अन्य लोगों के लिए अंदर से अनुमति मिलने पर ही दरवाजा खुलेगा। प्रसूताओं को भी जरूरत के अनुसार अंदर तैनात स्टाफ से अनुमति लेनी होगी। इस व्यवस्था से वार्डों में बाहरी लोगों की आवाजाही नियंत्रित होगी, हालांकि कुछ परिजनों को प्रवेश के लिए इंतजार करना पड़ सकता है।

अलग खबर

गायिनी वार्ड में एक प्रसूता के साथ कई परिजनों के पहुंचने से अक्सर भीड़ बढ़ जाती थी। अंदर जाने को लेकर सुरक्षा गार्डों और अस्पताल कर्मचारियों के साथ कहासुनी की स्थिति भी बनती थी। एमएनसीयू में नवजात शिशुओं की विशेष देखभाल के चलते बाहरी लोगों की आवाजाही सीमित रखना जरूरी है। ऐसे में पहचान आधारित प्रवेश प्रणाली से अनधिकृत लोगों को रोकने और वार्डों में अनुशासन बनाए रखने में मदद मिलेगी।

नई व्यवस्था में ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को भी बायोमीट्रिक पहचान दर्ज कराने के बाद ही प्रवेश मिलता है।

संवेदनशील वार्डों में अनावश्यक आवाजाही कम होने की उम्मीद है। हालांकि, मरीजों की देखभाल के लिए जरूरी परिजनों को समय पर अनुमति मिलना भी व्यवस्था की अहम कसौटी होगी।

यहां के गार्डों को दूसरी जगह लगाया

बायोमीट्रिक सिस्टम लगाने से पहले दोनों वार्डों में सुरक्षा के लिए करीब चार-चार गार्ड तैनात रहते थे। नई व्यवस्था के बाद इन आठ गार्डों को अस्पताल के दूसरे स्थानों पर ड्यूटी दी गई है। इससे वहां सुरक्षा व्यवस्था संभालने के लिए अतिरिक्त कर्मचारी उपलब्ध हुए हैं और गार्डों की कमी से जूझ रहे स्थानों पर राहत मिलने की उम्मीद है।

संक्रमण और अव्यवस्था रोकने की पहल

गायिनी और एमएनसीयू जैसे संवेदनशील वार्डों में बार-बार लोगों के आने-जाने से संक्रमण का खतरा बढ़ने की आशंका रहती है। प्रवेश सीमित होने से इस जोखिम को कम करने और स्वास्थ्यकर्मियों को मरीजों की देखभाल के लिए बेहतर वातावरण देने में मदद मिल सकती है। व्यवस्था सफल रहने पर अस्पताल के दूसरे भीड़भाड़ वाले हिस्सों में भी इसे लागू करने पर विचार किया जा सकता है।

अनुमति के बाद ही खुलेगा दरवाजा

गायिनी और एमएनसीयू वार्ड के प्रवेश द्वार पर बायोमीट्रिक एक्सेस कंट्रोल सिस्टम लगाया गया है। अधिकृत कर्मचारियों को फिंगरप्रिंट दर्ज कराने के बाद प्रवेश मिलता है, जबकि अन्य लोगों के लिए अंदर से अनुमति मिलने पर ही दरवाजा खोला जाता है। इसका उद्देश्य अनधिकृत प्रवेश और अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित करना है।

कर्मचारियों की कमी दूर होगी

दोनों वार्डों में पहले चार-चार गार्ड तैनात रहते थे। बायोमीट्रिक व्यवस्था लागू होने के बाद इन आठ गार्डों को अस्पताल के दूसरे स्थानों पर लगाया गया है। इससे वहां सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और कर्मचारियों की कमी दूर करने में मदद मिलेगी।

सुरक्षा पर रहेगा जोर

गायिनी और एमएनसीयू वार्ड में बायोमीट्रिक एक्सेस कंट्रोल सिस्टम लगाने का उद्देश्य अनाधिकृत प्रवेश और अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित करना है। इससे मरीजों, प्रसूताओं और नवजात शिशुओं की सुरक्षा बनाए रखने तथा संक्रमण की आशंका कम करने में मदद मिल सकती है। जरूरतमंद परिजनों को आवश्यकतानुसार अनुमति देकर प्रवेश उपलब्ध कराने पर भी ध्यान दिया जाएगा।

-डॉ. विजय डबास, उप चिकित्सा अधीक्षक
नागरिक अस्पताल, नारनौल



मंडी अटेली। नई अनाज मंडी अटेली का प्रवेश द्वार। फोटो : हरिभूमि

मार्केट फीस जमा नहीं करवाना पड़ा भारी, लाइसेंस निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

बाजरे की सरकारी खरीद के सीजन में मार्केट फीस की चोरी रोकने के लिए मार्केट कमेटी ने कार्रवाई की है। जांच के दौरान एक फर्म के पास बिना फीस जमा करवाए करीब 1000 क्विंटल बाजरा भंडारित मिला। इस पर कमेटी ने फर्म से 34500 रुपये की वसूली करने के साथ उसका लाइसेंस एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया।

मार्केट कमेटी को सूचना मिली थी कि एक फर्म द्वारा बाजरे का स्टॉक किया जा रहा है। सूचना के आधार पर सचिव सुनीता फोगाट, मंडी सुपरवाइजर अनिल कुमार और अन्य कर्मचारियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान फर्म के पास करीब 1000 क्विंटल बाजरा भंडारित मिला। कमेटी ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए फर्म से 23000 रुपये मार्केट फीस और 11500 रुपये 50 प्रतिशत जुर्माने के रूप में वसूले। इस तरह कुल 34500 रुपये की राशि जमा करवाई गई। फर्म का लाइसेंस एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया। अटेली मार्केट कमेटी की सचिव सुनीता फोगाट ने स्पष्ट किया कि बाजरा खरीद सीजन के दौरान नियमों की अनदेखी करने और मार्केट फीस जमा नहीं करवाने वाले फर्म संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। व्यापारियों से अपील की कि वह समय पर मार्केट फीस जमा करवाएं और नियमों के अनुसार ही कारोबार करें।

बंद मकान में जेवर-नकदी चोरी, कैमरे में कैद 2 संदिग्ध

नारनौल। सदर थाना क्षेत्र के गांव भूषण खुर्द में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाकर करीब दो लाख रुपये के जेवर, 10 हजार रुपये नकद और घरेलू सामान चोरी कर लिया। घटना के समय मकान मालिक परिवार के साथ बाहर था। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग में दो संदिग्ध दिखाई देने की बात सामने आई है। सूचना मिलने के बाद सदर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और केस दर्ज कर लिया। गांव भूषण खुर्द निवासी अनिल कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह नीमराना में परचून की दुकान चलाते हैं, जबकि उनके बच्चे गुरुग्राम में नौकरी करते हैं। 13 अक्टूबर को उनके घर में कार्यक्रम था। कार्यक्रम के बाद 15 अक्टूबर को वह मकान पर ताला लगाकर चले गए। 25 अक्टूबर को वापस लौटे तो घर के ताले और सामान की स्थिति देखकर उन्हें चोरी होने का पता चला। शिकायत के अनुसार चोर घर से चांदी के कंगन, दो जोड़ी कानों की बालियां, पाजेब, सोने की नोजपिन और 10 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। इसके अलावा रसोई में रखा गैस सिलेंडर और एक संदूक भी गायब मिला। मकान मालिक ने चोरी हुए आभूषणों की कीमत करीब दो लाख रुपये बताई है। घटना की सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को बुलाकर मौके से साक्ष्य जुटाए। साथ ही साइबर सेल को भी मामले की जानकारी दी गई। मकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में दो संदिग्ध नजर आने की बात सामने आई है। पुलिस उनकी पहचान और चोरी की वारदात से जुड़े अन्य साक्ष्यों की जांच कर रही है।

■ 15 अक्टूबर को ताला लगाकर गया था परिवार, 25 को लौटे तो घर में बिखरा मिला सामान



नारनौल। सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग में दो संदिग्ध।

खंड शिक्षा अधिकारी ने दिए निर्देश

विद्यालयों में स्वच्छता व मरम्मत कार्यों पर खर्च करनी होगी अनुदान राशि

नारनौल। सरकारी विद्यालयों में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने और भवनों की आवश्यक मरम्मत सुनिश्चित करने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने विद्यालय मुखियाओं को अनुदान राशि का नियमानुसार उपयोग करने के निर्देश जारी किए हैं। जारी पत्र में स्वच्छता अनुदान और लघु मरम्मत अनुदान के उपयोग को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। पत्र के अनुसार विद्यालयों को स्वच्छता कार्यों के लिए 8000 रुपये तथा लघु मरम्मत के लिए विद्यालय की श्रेणी के अनुसार 25000 रुपये अथवा 50000 रुपये की अनुदान राशि जारी की गई है। स्वच्छता अनुदान का उपयोग विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, शौचालयों की स्वच्छता, साबुन की व्यवस्था तथा सैनिटाइजेशन जैसे कार्यों के लिए किया जाना है। इसी प्रकार लघु मरम्मत अनुदान का उपयोग विद्यालय भवन की आवश्यक छोटी-मोटी मरम्मत, रंग-रोगन, फर्श तथा बिजली संबंधी कार्यों सहित अन्य जरूरी मरम्मत कार्यों पर किया जा सकता है। ऐसे में संबंधित विद्यालय मुखियाओं को निर्देश दिए गए हैं कि स्वीकृत राशि का निर्धारित उद्देश्य के अनुरूप समय पर उपयोग सुनिश्चित करें। निर्देशों के अनुसार यदि विद्यालय में नियमित सफाई कर्मचारी उपलब्ध नहीं है, तो विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के अनुमोदन से दैनिक मजदूरी के आधार पर आवश्यकतानुसार सफाई कर्मचारी की सेवाएं ली जा सकती हैं। इसके लिए किसी भी सफाई कर्मचारी को स्थायी अथवा नियमित नियुक्ति नहीं दी जाएगी। कार्यालय ने विद्यालय मुखियाओं से स्वच्छता और मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता देने तथा अनुदान राशि का सदुपयोग सुनिश्चित करने को कहा है, ताकि विद्यार्थियों को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

25 दिन से उखड़ी गली से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

शहर की शिव कॉलोनी में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह वाली गली पिछले 25 दिनों से उखड़ी पड़ी है। गली का निर्माण कार्य अधूरा रहने और सीवरेज का गंदा पानी ओवरफ्लो होने से स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि वे कई बार संबंधित जेई और ठेकेदार को फोन कर चुके हैं, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा। इससे लोगों में रोष है।

■ ठेकेदार और जेई को कई बार फोन करने के बावजूद नहीं हो रहा समाधान

स्थानीय निवासियों के अनुसार, गली उखड़ी होने के कारण लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। वहीं, सीवरेज का पानी ओवरफ्लो होने से समस्या और गंभीर हो गई है। गली से गुजरने वाले लोगों को गंदगी के बीच से निकलना पड़ रहा है। लोगों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार अपनी मनमर्जी कर रहा है। जेई और ठेकेदार को कई बार फोन करके गली का निर्माण कार्य पूरा कराने तथा सीवरेज की समस्या दूर करने की मांग की गई, लेकिन कोई संतोषजनक प्रतिक्रिया नहीं मिली। स्थानीय निवासियों ने संबंधित विभाग से जल्द गली का निर्माण कार्य पूरा कराने और सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है। कालोनीवासियों विकास, हरीश, मित्रपाल, संदीप, भूपसिंह, राजेंद्र सिंह, ओमप्रकाश और सतीश आदि मौजूद थे।



नारनौल। शिव कॉलोनी में उखाड़ी गई सड़क। फोटो : हरिभूमि

5 नवंबर को जिला पुलिस कंट्रोल रूम में दस्तावेजों के साथ पहुंचना होगा, दूरसंचार अनुभव वालों को मिलेगी प्राथमिकता

हरियाणा पुलिस में 170 एसपीओ की होगी नियुक्ति, पूर्व सैनिकों से आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हरियाणा पुलिस की दूरसंचार शाखा में 170 विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) की नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। हरियाणा पुलिस अधिनियम, 2007 की धारा 21 के प्रावधानों के तहत ये नियुक्तियां एक वर्ष की अवधि के लिए की जाएंगी। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों को पांच नवंबर को अपने संबंधित जिले के जिला पुलिस कंट्रोल रूम में आवश्यक दस्तावेजों के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर आवेदन करना होगा।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार हरियाणा पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी सूचना के तहत इन पदों के लिए सशस्त्र बलों एवं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के भूतपूर्व सैनिक आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा भंग किए जा चुके हरियाणा राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल तथा हरियाणा सशस्त्र पुलिस की बटालियनों के पूर्व कांस्टेबल भी पात्र होंगे। नियुक्ति प्रक्रिया में दूरसंचार उपकरणों के संचालन एवं रखरखाव का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। विशेष रूप से सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की सिग्नल कोर में सेवा दे चुके पूर्व सैनिकों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।

निर्धारित तिथि पर जमा करवाएं दस्तावेज

महेंद्रगढ़ पुलिस ने जिले के सभी पात्र पूर्व सैनिकों एवं अन्य योग्य अभ्यर्थियों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे निर्धारित तिथि पर सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित जिला पुलिस कंट्रोल रूम में उपस्थित हों। आवेदन करने से पहले भर्ती से संबंधित नियमों, पात्रता शर्तों और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें।

ये दस्तावेज साथ लाने होंगे

निर्धारित तिथि को अभ्यर्थियों को विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र, सभी संबंधित मूल दस्तावेज, दस्तावेजों की स्वप्रमाणित अथवा सत्यापित छायाप्रतियों का एक सेट, आवश्यक शपथ-पत्र तथा निर्धारित संख्या में पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटो साथ लेकर आने होंगे। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि आवेदन पत्र जमा करवाने और साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता अथवा दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा। अपूर्ण आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com
हरिभूमि
रोहतक, मंगलवार
27 अक्टूबर 2026
10
सहेली
विशेष
करवा चौथ
29 अक्टूबर



प्रगतिशील भाव संग परंपरा के प्यारे रंग

पति के मंगलमय जीवन के लिए मनाया जाने वाला पर्व करवा चौथ, अब अपने परंपरागत रूप से उबर कर मनाया जाने लगा है। अब पत्नी ही निराजल व्रत नहीं रहती, पति भी अपनी पत्नी के सुखी जीवन के लिए व्रत रखते हैं, साझा दायित्व निभाने का संकल्प करते हैं। जीवनसाथी का यह प्रगतिशील भाव सिर्फ दांपत्य जीवन को ही नहीं, संपूर्ण परिवार को खुशहाल बना रहा है।



आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

हालिया बरसों में परंपरागत पर्वों को मनाने का अंदाज पूरी तरह बदल गया है। रीति-रिवाज का स्वरूप तो पुराना ही है, लेकिन निभाने के तौर-तरीके नए हैं। शादीशुदा जिंदगी में जीवनसाथी की भावनाओं को एक-दूजे से जोड़ने वाला करवा चौथ का व्रत भी अब नए अंदाज में मनाया जाने लगा है। यह बदलाव पति-पत्नी के जुड़ाव को और मजबूती देने वाला है। साथ व्रत करने, उपहार देने और औपचारिकताओं से दूर घर-परिवार से जुड़ने का यह अंदाज प्रेम और परवाह दोनों को लिए है। परंपरा के रंग और प्रगतिशील भाव-चाव मिलकर उत्सवी सहजता और स्नेह को पोसने का काम कर रहे हैं।

उपवास से जुड़ी साझी अनुभूतियां

आज युवा जोड़े, करवा चौथ के पर्व को जज्बाती समझ के साथ मनाते दिखते हैं। पत्नियों के साथ पति अब भी व्रत रखते हैं। थोड़ा समय निकाल कर जीवनसंगिनी की मान-मनुहार करते हैं। यही कारण है कि समय के साथ रीति-रिवाज और परंपराओं में आए बदलाव ने जीवनसाथी की कुशलकामना के भाव को और गहरा कर दिया है। सही मायने में देखा जाए तो रिश्तों में आए खुलेपन की सोच ने इस जुड़ाव को और बल दिया है। इसी सहजता के कारण करवा चौथ जैसे त्योहारों को मनाना महिलाओं को भी बंधन नहीं बल्कि उत्सव-सा लगता है। खासकर युवतियां इस नए रंग-ढंग से बहुत खुश हैं। पति का इन परंपराओं के निर्वहन में भागीदार बनना भी प्यारा-सा पहलू है। कभी लोक परंपरा को निभाने के लिए मनाया जाने वाला करवा चौथ का व्रत आज पति और पत्नी दोनों के लिए स्नेह को व्यक्त करने का पर्याय बन गया है। ऐसे में इस व्रत से जुड़े अनुष्ठान का परंपराओं के खांचे से निकलकर सहज-सरल बनना बेहद सुखद है।





जिम्मेदारियों का साझा निर्वहन

जज्बातों को समझने वाला जीवनसाथी जब जिम्मेदारियां भी बांटने लगे, तो कुशल कामना के भाव बहुत आत्मीय होते हैं। आस्था का आधार इन भावनाओं को और पावन बनाता है। यह वाकई एक बड़ा बदलाव है कि पति और पत्नी दोनों ही अपने जीवनसाथी को शक्ति स्तंभ, दोस्त और सलाहकार समझने लगे हैं। इसी समझ में आपसी सम्मान के भाव को भी बढ़ाया है। पति-पत्नी का साथ जीवन भर का साथ होता है। इस जुड़ाव में खुशियां ही नहीं बांटीं जातीं, जिम्मेदारियों के साझे निर्वहन की सोच भी होनी चाहिए। पहले व्रत, उत्सव पर भी घर के काम-काज का दायित्व केवल महिलाओं के हिस्से ही आता था। अब ऐसे पर्व-त्योहारों पर घर के पुरुष भी काम में हाथ बंटाते हैं। युवा अपनी काम-काजी जीवनसंगिनी के थकाने वाले शेड्यूल को समझते हैं। इसके चलते संबंधों में आ रही समानता की यह सोच वास्तविक धरातल पर भी दिखने लगी है। यही वजह है कि करवा चौथ जैसे पारंपरिक त्योहार में स्नेह के साथ आपसी समझ भी नजर आती है।

मन का उत्सव

गांवों से लेकर शहरों तक अब भी इस सुहाग पर्व को महिलाएं बहुत उत्साह और मनोयोग से मनाती हैं। हर परंपरा को पूरे दिल से निभाती हैं। नव-विवाहिता बहू-बेटियों का सहज-स्नेह के साथ रीति-रिवाज से परिचय कराती हैं। उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाने वाला यह पारंपरिक पर्व, सही मायने में स्त्रीत्व का उत्सव है। वैवाहिक जीवन में संबंधों से मिला स्नेह-समझ का भाव इस उल्लास को और खुलकर जीने का मौका देता है। आज की भागम-भाग भरी जिंदगी में करवा चौथ का व्रत भावनाओं को साझा करने का सुंदर अवसर-सा है। पति-पत्नी के बीच सामंजस्य और परिपक्वता को बढ़ावा देने वाला यह भावपूर्ण और खूबसूरत त्योहार बहुत से दंपतियों का पसंदीदा पर्व है। असल में इन छोटे-छोटे कई सकारात्मक बदलावों से घर-परिवार में रिश्तों को लेकर नई समझ को स्थान मिल रहा है। जो औपचारिकताओं से परे अपनेपन से सिंचित वैवाहिक जीवन का मजबूत आधार बन रहे हैं। इसीलिए कह सकते हैं कि करवा चौथ पति-पत्नी के दिल से जुड़ा उत्सव है। जिसे दोनों पूरे मन से मनाते हैं। इससे दोनों को खुशी महसूस होती है।


परिवार की कुशलकामना

पति के दीर्घायु की कामना से जुड़ा करवा चौथ का व्रत पारिवारिक मोर्चे पर शुभता चाहने से भी जुड़ा है। दंपतियों के रिश्ते की खुशहाली पूरे परिवार की सुख-शांति से जुड़ी होती है। ऐसे में परिवार और रिश्तों की बेहतरी का भाव लिए यह पर्व पूरे समाज को आपसी जुड़ाव का संदेश देता है। मिलकर कथा सुनतीं, मेहंदी लगातीं, सजती-संवरती, बड़ों से आशीष लेती महिलाएं पर्वों के माध्यम से समाज जोड़ने का ही सुंदर पुल बनाती हैं।

दांपत्य जीवन में भरें प्यार के रंग

मंगलमय दांपत्य जीवन के लिए मनाए जाने वाले पर्व करवा चौथ के दिन सिर्फ पूजा आराधना ही नहीं हो, पति-पत्नी कुछ ऐसी बातें भी अमल में लाएं,जो उनके जीवन में मधुरता घोले, प्रगाढ़ बनाए। इसके लिए दंपतियों को कुछ बातें अमल में लानी होंगी।

सलाह
प्रतिभा अग्निहोत्री



करवा चौथ का पर्व सिर्फ पति की लंबी उम्र के लिए रखा जाने वाला व्रत ही नहीं है, बल्कि यह पति-पत्नी के रिश्ते में आपसी समझ को और अधिक गहरा करने का अवसर भी है। अपने दांपत्य जीवन में प्रेम के खूबसूरत रंग भरकर और अधिक प्रगाढ़ कैसे बनाएं, जानें।

दांपत्य जीवन में संतुलन बनाए रखने का संकल्पः पति-पत्नी एक ही गाड़ी के दो पहिए हैं, अगर ये जीवन रूपी पथ पर साथ-साथ संतुलन बनाकर नहीं चलेंगे, तो दांपत्य की गाड़ी डगमगाकर पलट जाएगी। इसलिए परस्पर समझदारी से इसके संतुलन को बनाए रखना बेहद जरूरी है। दो व्यक्तियों के विचारों, स्वभाव और रुचियों में मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन हमेशा ध्यान रखें कि ये मतभेद कभी मनभेद न बनने पाएं। दूसरे को पूरी तरह बदलने के स्थान पर जब पति-पत्नी दोनों ही खुद को बदलने का प्रयास करते हैं, तो गृहस्थी में संतुलन बना रहता है, दांपत्य की गाड़ी बेहद स्थिरता से जीवन पथ पर निर्बाध दौड़ती है। इस करवा चौथ पर पति-पत्नी दोनों ही बहुत प्यार से संकल्प लें कि वे अपने दांपत्य जीवन की गाड़ी का संतुलन कभी बिगड़ने नहीं देंगे। घर-परिवार से जुड़े निर्णय परस्पर सहयोग और समझदारी से लेंगे।



बिताएं एक-दूसरे के साथ प्यार भरे पलः करवा चौथ पर ऑफिस से छुट्टी लेकर एक-दूसरे को भरपूर समय दें। मोबाइल फोन से दूरी बनाकर एक साथ कुछ मीठे पल बिताएं, कुछ अपनी कहें और कुछ दूसरे की सुनें। साथ-साथ बिताए गए कॉलेज टाइम के समय को याद करें। अगर आपके पास एक-दूसरे के कुछ पुराने पत्र या फोटोग्राफ हैं, तो उन्हें निकालकर देखें और पढ़ें। इन पत्रों और फोटोग्राफ्स की भावनाएं आपको एक बार फिर एक-दूसरे के प्रति प्यार की ऊर्जा से भर देंगी।

इमोशंस को करें सेलिब्रेटः करवा चौथ के दिन एक-दूसरे के इमोशंस को भी सेलिब्रेट करें। अपने पार्टनर के प्रति उन सभी इमोशंस को व्यक्त करें, जो आप आज तक अपने पति से नहीं कह पाई हैं। आप इसके लिए कागज पर लिखकर या फिर मोबाइल फोन के टेक्सट मैसेज का सहारा ले सकती हैं। इस दिन एक-दूसरे की पसंद-नापसंद का विशेष ध्यान रखें। अगर पिछले दिनों किसी बात पर अनबन या बहस होने से आप दोनों एक-दूसरे से नाराज चल रहे हैं, तो इस दिन सारे मतभेद भूलकर करवा चौथ को सेलिब्रेट करें। एक यादगार दिन बिताएं।

भविष्य की योजनाएं बनाएंः आप किसी भी उम्र की हों, इस दिन बीते समय की कड़वीं यादों को भूलकर आगे आने वाले समय को और अधिक बेहतर बनाने का प्रयास करें। बच्चों की पढ़ाई, शादी, आर्थिक योजनाएं और रिटायरमेंट की प्लानिंग पर खुलकर बातचीत करें। बातचीत करते समय ध्यान रखें कि भले ही कितने भी मतभेद हों, आप इसे बहस और वाद-विवाद तक न पहुंचने दें। दूर की सोचकर अपनी योजनाएं बनाएं और सुखद भविष्य की राह बनाएं।

खामियां नहीं खूबियां गिनेंः पति-पत्नी दोनों ही करवा चौथ के दिन एक-दूसरे की कमियां देखने के स्थान पर खूबियां गिनें। जब आप एक-दूसरे की खूबियां गिनना शुरू करेंगी, तो उनका उजला पक्ष आपके सामने होगा, सारी खामियां स्वतः धूमिल हो जाएंगी। एक-दूसरे की खूबियों की तारीफ से, प्यार को महसूस करने से करवा चौथ पर आपका दांपत्य जीवन फूलों सा खिल उठेगा, जिसकी महक से पति-पत्नी दोनों को एक अलग तरह की खुशी मिलेगी।

सरप्राइज प्लान करें: करवा चौथ के दिन को यादगार बनाने के लिए एक-दूसरे के लिए कुछ सरप्राइज प्लान करें। जरूरी नहीं है कि आप कोई महंगा गिफ्ट ही खरीदें, एक छोटा-सा बुके, पेन, ब्रांडेड पर्स, सूट या साड़ी भी आपकी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए काफी हो सकता है।

करवा चौथ के दिन पत्नियां अपने पति के मंगलमय जीवन के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। मनोविज्ञानी अध्ययन बताते हैं कि उपवास से सकारात्मक भावनाएं जन्म लेती हैं, इससे पति-पत्नी के बीच आपसी जुड़ाव और समर्पण बढ़ता है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है।

करवा चौथ उपवास में निहित कई गहरे मनोवैज्ञानिक पहलू

शोध
अंजू जैन



मनोविज्ञान में लॉ ऑफ अट्रैक्शन और 'प्रार्थना की शक्ति' पर कई शोध हुए हैं। करवा चौथ के दिन जब एक पत्नी पूरे मन से अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती है, तो वह ब्रह्मांड में अत्यधिक शक्तिशाली सकारात्मक तरंगें भेजती है। किसी के लिए निरंतर शुभ सोचने से आपके मस्तिष्क से ऑक्सीटोसिन और एंडोर्फिन जैसे हैप्पी हार्मोंस रिलीज होते हैं। यह सकारात्मक माहौल पति के मानसिक तनाव को कम करता है। तनाव मुक्त रहने से हृदय रोग और उच्च रक्तचाप का खतरा कम होता है, जो सीधे तौर पर लंबी उम्र से जुड़ा है।

'ऑक्सीटोसिन' का स्राव और रिश्तों में जुड़ावः करवा चौथ के दिन पति-पत्नी के बीच का प्रेम और आकर्षण अपने चरम पर होता है। पति अपनी पत्नी को उपहार देता है, उसकी देखभाल करता है। पत्नी भी अपने पति के प्रति पूरी तरह समर्पित होती है। इस तरह के भावनात्मक जुड़ाव से शरीर में 'ऑक्सीटोसिन'(जिसे लव हार्मोन या बॉन्डिंग हार्मोन भी कहा जाता है) का स्तर तेजी से बढ़ता है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के एक शोध के अनुसार, जिन पुरुषों का वैवाहिक जीवन सुखी होता है, जिन्हें अपनी पत्नी का भरपूर स्नेह मिलता है, उनमें कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों से मरने का खतरा 30 प्रतिशत तक कम हो जाता है।

सामूहिक अवचेतन की शक्तिः करवा चौथ के दिन महिलाएं एक साथ इकट्ठा होकर कथा सुनती हैं, पूजा करती हैं और थाली बंटाती हैं। मनोविज्ञान में इसे 'सामूहिक अवचेतन' या सामूहिक ऊर्जा कहा जाता है। जब सैकड़ों-हजारों लोग एक ही समय पर, एक ही उद्देश्य (पति की लंबी उम्र) के लिए एक जैसी सकारात्मक भावना के साथ इकट्ठा होते हैं, तो एक शक्तिशाली 'एनर्जी फील्ड' तैयार होता है। यह सामूहिक उत्सव महिलाओं के मानसिक तनाव को दूर करता है। एक खुशहाल और तनावमुक्त पत्नी ही एक पुरुष को घर में शांतिपूर्ण माहौल दे सकती है।

कृतज्ञता की भावनाः करवा चौथ का त्योहार मूल रूप से एक-दूसरे के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है। पत्नी-पति की सुरक्षा के लिए व्रत करती है और पति-पत्नी के इस त्याग का सम्मान करते हुए उसे उपहार और जीवन भर साथ निभाने का वचन देता है 'जर्नल ऑफ पर्सनालिटी एंड सोशल साइकोलॉजी' में प्रकाशित एक शोध के अनुसार, जो जोड़े एक-दूसरे के प्रति नियमित रूप से कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, उनका रिश्ता अधिक टिकाऊ और मजबूत होता है।

सहानुभूति और पारस्परिक समझः करवा चौथ केवल एक दिन की रस्म नहीं है, बल्कि यह आने वाले पूरे साल के लिए आपसी समझ की नींव रखता है। आधुनिक युग में कई पति भी अपनी पत्नियों के साथ इस व्रत को रखते हैं। जब दो लोग एक साथ किसी कठिन लक्ष्य (जैसे उपवास) को साझा करते हैं, तो उनके बीच सहानुभूति और 'मिररिंग इफेक्ट' पैदा होता है। यह साझा प्रयास आपसी मतभेदों और झगड़ों को समाप्त करता है।

चंद्र दर्शन और मानसिक शांतिः करवा चौथ के व्रत का समापन रात में चंद्रमा को अर्घ्य देकर और छलनी से पति का चेहरा देखकर होता है। यह पूरी प्रक्रिया प्रकृति से सीधे जुड़ाव को दर्शाती है। चंद्रमा की किरणें शीतलता और शांति का प्रतीक हैं। रात के समय खुले आसमान के नीचे प्रकृति के संपर्क में आने से मन शांत होता है। छलनी के माध्यम से देखना और दीप जलाना एकाग्रता को बढ़ाता है, जिससे पति-पत्नी दोनों का तंत्रिका तंत्र शांत और संतुलित होता है।


मेकअप
निधि गोयल

मेकअप करें ऐसा दमके चांद सा चेहरा

करवा चौथ के खास अवसर पर हर महिला चाहती है कि उसका लुक सबसे खूबसूरत नजर आए। इसके लिए परफेक्ट आउटफिट से लेकर मेकअप तक, हर बात मायने रखती है। मेकअप को आकर्षक और लंबे समय तक बरकरार रखने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

स्किन बेस करें तैयारः चेहरे को माइल्ड फेस वॉश से साफ करने के बाद हल्का मॉयश्चराइजर लगाएं। अगर दिन में बाहर जाना है, तो सनस्क्रीन लगाना न भूलें। इसके बाद कुछ मिनट स्किन को सेट होने दें।

प्राइमर को न करें इग्नोरः मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखने में प्राइमर काफी मददगार हो सकता है। इसे खासतौर पर टी-जोन, नाक और उन हिस्सों पर लगाएं, जहां त्वचा जल्दी ऑयली हो जाती है। बहुत ज्यादा प्राइमर लगाने के बजाय इसकी पतली लेयर लगाएं। इससे मेकअप सही तरह से टिका रहता है।



बेस न हो ज्यादा हैवीः त्योहार के दिन हैवी बेस लगाने के बजाय ऐसा फाउंडेशन चुनें, जो आपकी स्किन टोन से मैच करता हो। इसे स्पंज या ब्रश की मदद से अच्छी तरह ब्लेंड करें। जहां ज्यादा कवरेज की जरूरत हो, वहां कंसीलर का इस्तेमाल करें। बहुत मोटी लेयर लगाने से कुछ घंटों बाद बेस क्रैक या पैची दिखाई दे सकता है। इसलिए जरूरी है कि हल्की और पतली लेयर लगाएं।

पावडर से करें मेकअप सेटः फाउंडेशन और कंसीलर लगाने के बाद हल्के ट्रांसलूसेंट पावडर से मेकअप को सेट करें। खासकर नाक, माथे और ठुड्डी जैसे ऑयली हिस्सों पर ध्यान दें। इससे एक्स्ट्रा ऑयल को कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है।

स्मज-प्रूफ आई मेकअपः आप जब चेहरे पर बेस बना लें, तो उसके बाद आई मेकअप करें। लंबे समय तक आई मेकअप को मेंटेन करने के लिए वॉटरप्रूफ या लॉन्ग-वियर आईलाइनर और मस्कारा चुनें। आई शैडो लगाने से पहले आई प्राइमर या थोड़ी-सी कंसीलर की पतली लेयर इस्तेमाल की जा सकती है। इससे आई-शैडो को बेहतर बेस मिल सकता है।

लॉन्ग-लास्टिंग लिपस्टिकः लिपस्टिक लगाने से पहले होंठों को मॉयश्चराइज करें। इसके बाद लिप लाइनर से होंठों को आउटलाइन करके उसी से हल्का फिल करें और फिर लिपस्टिक लगाएं। लंबे समय तक टिके रहने के लिए मैट या लॉन्ग-वियर फॉर्मूला चुन सकती हैं।

मेकअप सेटिंग स्प्रेः अंत में मेकअप होने के बाद मेकअप सेटिंग स्प्रे करें। इसे चेहरे से थोड़ी दूरी पर रखकर लगाएं और फिर मेकअप को अपने आप सूखने दें। इससे मेकअप लंबे समय तक टिका रहेगा, आपका रूप दमकता रहेगा।

(मेकअप एक्सपर्ट साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)

डाइट सजेशन
रितिका समादार
चीफ डाइटीशियन
मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली

करवा चौथः ऐसी हो आपकी सरगी

करवा चौथ के दिन सुबह व्रत से पूर्व खाई जाने वाली सरगी हेल्थ के लिए बहुत मायने रखती है। इसलिए आपको पता होना चाहिए कि सरगी में आप क्या खा सकती हैं और किसे अवॉयड करना चाहिए?

आने वाले गुरुवार को आप करवा चौथ व्रत रखेंगी। आपने पूरे उत्साह के साथ इसकी तैयारी शुरू कर दी होगी। इसके साथ ही आपको अपने खान-पान का भी ध्यान रखना चाहिए। खासतौर पर सरगी में आपको क्या लेना चाहिए, इस बारे में जानिए। करवा चौथ में सूर्योदय चंद्रोदय तक लगभग 15 घंटे का निर्जल उपवास होता है। व्रत वाले दिन सूर्योदय से पहले यानी सुबह 4-5 बजे सरगी खाने की परंपरा है। इस लंबे उपवास से पहले खाया जाने वाला भोजन बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। इससे न केवल पूरे दिन कार्यों को करने की एनर्जी मिलती है, बल्कि डिहाइड्रेशन, एसिडिटी और थकान से भी बचाव होता है।

पर्याप्त तरल पदार्थः इस व्रत में सुबह से रात में चांद निकलने तक पानी पीना भी मना होता है, इसलिए सरगी के समय सादा पानी, नीबू पानी और नारियल पानी का सेवन करें। इससे आपका शरीर हाइड्रेट रहेगा और गला सूखने की समस्या नहीं होगी। लस्सी, छाछ या दूध का भी एक ग्लास ले सकती हैं।



लो डाइजेस्टिव कार्ब-प्रोटीनः सरगी में ऐसे कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन से जुड़ी चीजों का सेवन करना चाहिए, जिनका पाचन धीमी गति से होता है। ऐसा करना इसलिए जरूरी है कि इससे अगले दिन भी आपका पेट भरा हुआ महसूस होगा और भूख नहीं लगेगी। इसके लिए ड्राई फ्रूट्स या नट्स के साथ बना हुआ दलिया, खीर या सिंवईं बेहतर विकल्प हैं। इसके अलावा कम ऑयल में बना हुआ पनीर का परांठा भी आपको भरपूर एनर्जी देगा। ऐसी चीजों के सेवन से आपके शरीर को पर्याप्त मात्रा में कार्बोहाइड्रेट, कैल्शियम और प्रोटीन का पोषण मिल जाएगा।

फलों का सेवनः सेब, पपीता, अनार, संतरा और तरबूज जैसे फल नेचुरल शुगर, फाइबर और विटमिन से भरपूर होते हैं। इनके सेवन से शरीर में पानी की कमी भी दूर होती है। केला पोटेशियम से भरपूर होता है, जो शरीर में इलेक्ट्रोलाइट का संतुलन बनाए रखता है। अनार, आयरन और एंटीऑक्सीडेंट तत्वों से भरपूर होता है। निर्जला व्रत से पहले सरगी में फलों का सेवन करने से अगले दिन शरीर में पानी की कमी महसूस नहीं होती।

डेयरी प्रोडक्ट्सः दूध, दही, पनीर, लस्सी और छाछ भी कैल्शियम और प्रोटीन के बहुत अच्छे स्रोत हैं। दही में मौजूद प्रोबायोटिक तत्व पाचन तंत्र को दुरुस्त रखते हैं और इससे पेट में ठंडक बनी रहती है। चाहें तो नट्स के साथ दही का भी सेवन कर सकती हैं। अगर आप वीगन डाइट लेना चाहती हैं, तो नारियल या बादाम के दूध का सेवन कर सकती हैं।

क्या न करें: बहुत ज्यादा मीठी डिशेज का सेवन करने से शरीर में इंसुलिन की मात्रा बढ़ जाती है और इससे ज्यादा भूख लगती है। तेज नमक वाली चीजें खाने से बचें, इससे डिहाइड्रेशन की समस्या होती है और ज्यादा प्यास लगती है। जहां तक संभव हो चाय-कॉफी से दूर रहें या इनका सेवन बहुत सीमित मात्रा में करें। इनके ज्यादा सेवन से गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। ज्यादा घी, तेल या मिर्च मसाले वाली चीजों से भी दूर रहें, इससे अगले दिन पेट में भारीपन और पाचनतंत्र से सबंधी समस्या हो सकती है। अगर आप इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखेंगी, तो व्रत के दौरान कोई समस्या नहीं होगी।

प्रस्तुतिः विनीता

खबर संक्षेप

नेत्र शिविर में 370 लोगों की हुई जांच

नांगल चौधरी। सैदअलीपुर गांव में स्वामी सेवानंद (सरपंच जगदीश आर्य) की स्मृति में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 370 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिनमें 70 मरीजों का निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपण किया जाएगा। शिविर का नेतृत्व आर्य समाज कमेटी के प्रधान बिरेंद्र थानेदार ने किया। उन्होंने कहा कि शारीरिक अंगों में आंखें सवेंदनशील होती हैं, जिनकी नियमित देखभाल नहीं होने पर रोशनी प्रभावित हो सकती है। बचाव के लिए गांव स्तर पर आखों की देखभाल के टिप्सों की जानकारी होनी अनिवार्य है। विभिन्न गांवों के 370 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें 70 मरीजों की आखों में गंभीर बीमारी होने की पुष्टि हुई।

श्रीगौड़ ब्राह्मण सभा में स्वास्थ्य जांच शिविर 1 को

नारनौल। हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में श्रीगौड़ ब्राह्मण सभा मोहल्ला चौधरीयान की ओर से एक नवंबर को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। गौड़ सभा के प्रधान एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश महता ने बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर सुबह 9:30 बजे से दोपहर तीन बजे तक आयोजित किया जाएगा। शिविर में हड्डी रोग, फिजिशियन, स्त्री रोग सहित विभिन्न बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों की जांच करेंगे।

विधायक कंवर सिंह यादव रहे मुख्य अतिथि, नपा चेयरमैन सहित गणमान्य लोग हुए शामिल

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकाली शोभायात्रा, झांकियों ने मोहा मन





महेंद्रगढ़। शहर में शोभायात्रा निकालते हुए व अतिथि का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

महर्षि वाल्मीकि जयंती शहर में धूमधाम और उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। जयंती के उपलक्ष्य में शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। शोभायात्रा में शामिल आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। बाहर से आए कलाकारों ने विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक प्रसंगों पर आधारित झांकियों की प्रस्तुतियां देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में विधायक कंवर सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी, समाजसेवी नवीन राव और सेवानिवृत्त बैंक चीफ मैनेजर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रधान बिरमानंद, उपप्रधान सुभाष बिड़लान, सचिव कुलदीप सिह, सहसचिव विष्णु पार्षद, सलाहकार जगदीश जैदिया, अशोक सिरसवाल, रमेश सिंधी, खंजाची संजय सिंधी, समिति अध्यक्ष राजपाल सिरसवाल, सदस्य बालकिशन, मुकेश बिड़लान, रामबिलास, बिशनदयाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

वाल्मीकि के आदर्श अपनाएं युवा: विधायक

नारनौल। पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि संतों-महापुरुषों के विचार केवल इतिहास की धरोहर नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन का मार्गदर्शन हैं और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार महान संतों की परंपराओं को आगे बढ़ा रही है। उनके पदचिह्नों पर चलने के लिए युवाओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से ही संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। यादव सोमवार को लघु सचिवालय के मीटिंग हाल में महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की शुरूआत में चंडीगढ़ के कबीर कुटीर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का एलईडी के माध्यम से प्रसारण किया गया।



धनौन्दा में मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती

नारनौल। वाल्मीकि समाज धनौन्दा के तत्वावधान में महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। वाल्मीकि मंदिर में जागरण भंडारा आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि नेताजी अतरलाल, रतनसिंह चेयरमैन, कप्तान ओमपाल सिंह, सूबेदार मेजर मदन सिंह, राजेन्द्र सिंह नम्बरदार और अशोक पंच ने महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति पर धोक लगाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अतरलाल ने महर्षि वाल्मीकि को अजर-अमर त्रिकालदर्शी बताते हुए उनके मानवता, प्रेम, त्याग, भाईचारा, राष्ट्र धर्म, के विचारों को अपनाने की अपील की। छज्जूवीर कलाकार मंडल गुढ़ा ने महर्षि वाल्मीकि की महिमा का गुणगाण कर भव्य झांकिया प्रदर्शित कर भाव विभोर कर दिया। कर्मवीर वाल्मीक, उमेद वाल्मीकि प्रधान, लीलाराम वाल्मीकि, विनोद कुमार वाल्मीकि, हुकमचंद, राकेश, सूरज, शेरसिंह, सोनू माहौर ने कार्यक्रम की सफलता में योगदान दिया।



मंडी अटेली। शोभायात्रा के दौरान झांकियों के साथ नृत्य करते कलाकार।

महर्षि वाल्मीकि के जयकारों से गूंजा अटेली, आकर्षक झांकियां निकाली



मंडी अटेली। महर्षि वाल्मीकि जन्मोत्सव पर रविवार को मंडी अटेली में निकाली गई भव्य शोभायात्रा ने कस्बे को भक्तिमय रंग में रंग दिया। नवयुवक वाल्मीकि समिति के तत्वावधान में आयोजित इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। आकर्षक झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। वहीं विभिन्न वर्गों के लोगों की भागीदारी ने सामाजिक एकता का संदेश दिया। इस शोभायात्रा का शुभारंभ समाजसेवी वीरेंद्र लांबा, पूर्व सरपंच एडवोकेट सुरेश लांबा गढ़ी, समाजसेवी अजय शर्मा ताजपुरिया, लाला देवीदत्त ने रिबन काटकर किया। इसके बाद दीप प्रज्वलित कर महर्षि वाल्मीकि को नमन किया गया।

वाल्मीकि जयंती पर हुई काव्य व विचार गोष्ठी



नारनौल। अखिल भारतीय साहित्य परिषद शाखा की ओर से वाल्मीकि जयंती के अवसर पर काव्य व विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. रामनिवास मानव थे। अध्यक्षता परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र भारद्वाज ने की। इस अवसर पर भारत भूषण तायल ने कविता सुनाई। इसके बाद शिक्षाविद धर्मपाल शर्मा, आनंद जोशी, अमीचन्द सैनी, संस्कृत प्राध्यापक दलजीत शास्त्री, पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन शर्मा ने महर्षि वाल्मीकि के महाकाव्य रामायण की रचना के रूप में अमर साहित्यिक योगदान का स्मरण किया। अटेली से कवि डॉ. सीएस वर्मा ने दीप जलाना चाहता हूं गीत सुनाकर श्रोताओं की तालियां बटोरी। परमानंद दीवान में वंदे मातरम वंदे मातरम भारत मां तुझे नमन' कविता सुनाई।

एडीए चयनित होने पर किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। सतीश नाहर व सारिका बेदी को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर सिटी मैरेज पैलेस में सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके हुई। इसके उपरांत हरियाणा सरकार द्वारा एडीए के पद पर चयनित होकर बहुजन समाज का गौरव बढ़ाने वाले होनहार युवा एडवोकेट सतीश कुमार नाहर व एडवोकेट सारिका बेदी का नागरिक अभिनंदन किया गया। समारोह की अध्यक्षता समिति के प्रधान चन्दन सिंह जालवान ने की तथा मंच संचालन समिति के महासचिव एवं कबीर सामाजिक उत्थान संस्था के वाइस चेयरमैन बिरदी चंद गोठवाल ने किया। गया। दोनों नवनियुक्त अधिकारियों को पारंपरिक पगड़ी पहनाकर, प्रशंसा पत्र, बुका, शाल और बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। एडवोकेट रघुबीर नाहर, पूर्व तहसीलदार लालाराम नाहर, रामकलां, गुरदयाल नाहर, सरोज, राजकुमार, संतोष देवी को भी पगड़ी व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व जिला पार्षद सुनीता वर्मा, रोशनी देवी, प्रेम यादव, बलवीर सिंह बबेरवाल, डॉ. शिवताज सिंह ताज, शिवनारायण मोरवाल, रोहतास बबेरवाल, रामकुमार दैणवाल, हरिसिंह बड़कोदिया, अमर सिंह निम्होरिया, अनिल कुमार फाण्डन, राजेश कुमार चांवरिया, अमरनाथ, रामभरोस भीम, हरिराम सिरोहा, रामनरेश, सुनील कुमार, रामानंद, आत्मप्रकाश भाटी, विक्रम मांडैया, शेरसिंह महरानिया, हवासिंह बौद्ध, सुमेर सिंह गोठवाल, जयपाल सिंह, महेंद्र खन्ना, आशीष, प्यारेलाल चवन, मास्टर सत्यवीर हसनपुरिया, नोरंग सिंह, महावीर सिंह, विजय सिंह सिरोहा, शारदा खन्ना, मोहन लाल, सूबेदार अमर सिंह आदि उपस्थित रहे।

कांग्रेस अध्यक्ष की टिप्पणी पर भारती सैनी ने जताई आपत्ति



नारनौल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वर्गीय पिता के संदर्भ में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की ओर से पटना में दिए गए बयान पर हरियाणा राज्य महिला आयोग की सदस्य भारती सैनी ने कड़ी आपत्ति जताई है। भारती सैनी ने कहा कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार कार्यक्रम में एक व्यक्ति ने कहा, मोदी नहीं जाएगा, जिसके जवाब में खड़गे ने कहा मोदी का बाप भी जाएगा। भारती सैनी ने कहा कि राजनीति में विरोध और विचारों की असहमति लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन भाषा की मर्यादा बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है। किसी भी व्यक्ति के माता-पिता के संदर्भ में इस प्रकार की टिप्पणी करना भारतीय संस्कारों और सामाजिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में नेताओं को अपने शब्दों के चयन में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

एसडी स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रतापगढ़ किले का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना



कनीना। बस को रवाना करते चेयरमैन जगदेव यादव व अन्य। फोटो : हरिभूमि

एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ककराला की ओर से विद्यार्थियों के लिए प्रतापगढ़ फार्म का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य बच्चों को चारदीवारी और किताबी ज्ञान से बाहर निकालकर व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना तथा उनमें प्राकृतिक परिवेश के प्रति जिज्ञासा, अवलोकन और सीखने की ललक को बढ़ावा देना था।

भ्रमण पर रवाना होने से पूर्व चेयरमैन जगदेव यादव ने विद्यार्थी दल की बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सुरक्षित, सुखद और ज्ञानवर्धक यात्रा की शुभकामनाएं दी।

यादव ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होते हैं। प्रतापगढ़ पहुंचकर विद्यार्थियों ने ग्रामीण संस्कृति, पारंपरिक खेलकूद, कृषि पद्धतियों और लोककलाओं को नजदीक से देखा। विभिन्न साहसिक गतिविधियों, ऊंट व बैलगाड़ी की सवारी और मिट्टी के बर्तन बनाने की कला का भरपूर आनंद उठाया।

कोटिया की शीतल यादव का हरियाणा सिविल सेवा में चयन



नारनौल। शीतल यादव को सम्मानित करते नेताजी अतरलाल व अन्य।

नारनौल। कोटिया गांव निवासी शीतल यादव पुत्री हरिपाल यादव का हरियाणा सिविल सेवा में चयन होने पर कनीना में नागरिक अभिनंदन किया गया। प्रजा भलाई संगठन की ओर से आयोजित समारोह में संगठन सुप्रीमो नेताजी अतरलाल ने शीतल यादव को पगड़ी पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने शीतल की माता सुमरत देवी को शॉल ओढ़ाकर तथा पिता हरिपाल यादव व नाना सुरेन्द्र यादव को भी पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। अध्यक्षता प्रमुख सामाजिक व राजनीतिक चिंतक डॉ. श्रीभगवान गौतम ने की। अतरलाल ने कहा कि शीतल यादव ने अपनी मेहनत और लगन से प्रशासनिक सेवा में चयनित होकर पूरे कोटिया गांव, इलाका व जिले का नाम रोशन किया है। इस मौके पर हरीश यादव, दानसिंह प्रजापत, कैलाश सेठ, लालसिंह यादव, महिपाल यादव, अश्वनी शर्मा शास्त्री, विक्रम, पप्पू, अविनाश, मदन तंवर, राकेश यादव आदि मौजूद थे।

आरपीएस विद्यालय में निकाली पोलियो जागरूकता दिवस पर रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। रैली निकालते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

आरपीएस विद्यालय में विद्यार्थियों के बीच स्वास्थ्य एवं सामाजिक चेतना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष पोलियो जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की विशेष प्रार्थना सभा के साथ हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों ने भाषण और पोलियो जागरूकता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अत्यंत उत्साह एवं बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने अपने भाषणों के माध्यम से यह रेखांकित किया कि अतीत में पोलियो किस प्रकार एक भयानक और घातक बीमारी हुआ करती थी और भारत ने एकजुट प्रयासों व निरंतर टीकाकरण अभियानों के बल पर किस तरह स्वयं को पोलियो मुक्त घोषित किया। प्रार्थना सभा के उपरांत विद्यार्थियों द्वारा निकटवर्ती गांव खातोद तथा आसपास की बस्तियों में एक विशाल एवं अनुशासित जागरूकता रैली को चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव के सान्निध्य में प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी व विंग हैड साक्षी मलिक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

महाराधिराज श्री अजमीढ़ देव की जयंती मनाई

महेंद्रगढ़। स्वर्णकार समाज की ओर से महाराधिराज श्री अजमीढ़ देव की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान समाज के लोगों ने महाराजा अजमीढ़ की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आरती की तथा समाज की एकता, जागरूकता और प्रगति का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वर्णकार संघ प्रधान लक्खीराम सोनी ने की। इस दौरान कैंटीन के पास बन रहे महाराजा अजमीढ़ चौक के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। इस मौके पर कैलाश चंद बवानिया, रवि सोनी, विष्णु सोनी, ईश्वर सोनी, पूर्णमल, सुनील माजरा, महेश सोनी, ओमप्रकाश, इंद्रमल सोनी, बिशन सेठ, विजय कुकु सोनी, गोविंद गुढ़ा, रविशंकर सोनी, तेजा सिंह, देवेंद्र सोनी, डॉ. अतुल बंसल, पवन सोनी, संजीव, राजू प्रवक्ता, अमित, छोटू नौताना, धर्मेंद्र लेक्चरर जावा, अंकित खेड़ी, नवीन नौताना, अलाउदीन सरकार, हनुमान मराठा, तुषार मराठा, दता मराठा, रोहित आदि उपस्थित रहे।

वरिष्ठ कार्यकर्ता भाजपा संगठन की असली ताकत: नागेंद्र नाथ



नारनौल। भाजपा जिला कार्यालय नमो कमल में वरिष्ठ कार्यकर्ता संपर्क प्रकोष्ठ की ओर से मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के योगदान, संगठनात्मक अनुभवों, पार्टी की विचारधारा और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संयोजक नागेंद्र नाथ त्रिपाठी मुख्य वक्ता तथा हरियाणा सरकार के सरस्वती बोर्ड के अध्यक्ष एवं प्रदेश संयोजक धुम्मन सिंह किरमिच मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक एवं पूर्व विधायक सीताराम यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव, जिला संयोजक प्रदीप गौड़ और विधानसभा संयोजक बेगराज सैनी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। मुख्य वक्ता एवं राष्ट्रीय संयोजक नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की भूमिका को संगठन के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि किसी भी राजनीतिक संगठन की मजबूती उसके समर्पित कार्यकर्ताओं, विचारधारा के प्रति निष्ठा और निरंतर जनसेवा से तय होती है। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता गोविंद भारद्वाज, राजेंद्र यादव, अरुण मंढाणा, भगवान दास, भवानी सिंह, सुगन चंद सैनी, सत्यवीर सेहंलग, मुन्नीलाल, डीपी वर्मा, राजेंद्र भारद्वाज, सुरेश शर्मा, डॉ. राज बवानिया, बलवंत सैनी, सत्यवीर भैरू, विवेक खैरवाल, बनवारी लाल कोरियावास, ओमप्रकाश रावत, वैद्य मुरारीलाल, महेंद्र गौड़ मौजूद रहे।

संत शिरोमणि नामदेव महाराज के जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा

जरूरतमंदों व प्रतिभाशाली युवाओं का सम्मान समाज को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

51 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर श्रद्धा और भक्ति का दिया परिचय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। शहर में शोभा यात्रा निकालते समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

संत शिरोमणि नामदेव महाराज के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सोमवार को ट्रस्ट मंदिर श्री नामदेव महाराज मोहल्ला छिपी जोहड़ के तत्वावधान में भव्य शोभा एवं कलश यात्रा निकाली गई। धार्मिक आयोजन में नामदेव समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 51 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर श्रद्धा और भक्ति का परिचय दिया। समाज के संरक्षक सुभाष चंद्र वर्मा ठेकेदार ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। यात्रा से पूर्व संत नामदेव महाराज की विधिवत पूजा-अर्चना और आरती की गई। शोभा यात्रा नामदेव भवन, पुरानी सराय से प्रारंभ होकर घड़ी वाले पीर बाबा, गर्ल्स आईटीआई, तालाब बहादुर सिंह तथा नई मंडी मार्ग से होती हुई प्राचीन हनुमान मंदिर, मोहल्ला छिपी जोहड़ पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के समापन पर मंदिर परिसर में हवन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण, समाज की सुख-समृद्धि और परिवारों की खुशहाली के लिए आहुतियां दी। इस अवसर पर समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने कहा कि संत शिरोमणि श्री नामदेव महाराज का जीवन भक्ति, प्रेम, समानता, सद्भाव और मानव सेवा की प्रेरणा देता है। उनके आदर्शों पर चलते हुए समाज को आपसी भाईचारा मजबूत करने, जरूरतमंद परिवारों की सहायता करने तथा सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए मिलकर प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज की वास्तविक उन्नति केवल धार्मिक आयोजनों तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा, संस्कार, सामाजिक जागरूकता और युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने से भी जुड़ी है। समाज के प्रत्येक परिवार को बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए तथा युवाओं को उच्च शिक्षा, तकनीकी ज्ञान और रोजगार के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद, गरीब परिवारों का सहयोग और प्रतिभाशाली युवाओं का सम्मान समाज को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर समाज के संरक्षक सुभाष चंद्र वर्मा ठेकेदार, पूर्व प्रधान बाबूलाल वर्मा, ट्रस्ट अध्यक्ष पुष्करमल वर्मा, श्री नामदेव समाज समिति के उपप्रधान प्रदीप कुमार, ओमप्रकाश लोहारिया, डॉ. संजय कुमार, सतीश कुमार, नवरत्न वर्मा, एडवोकेट सत्यनारायण वर्मा, सुभाष चंद्र कश्यप, पूर्णचंद, मंदिर ट्रस्ट के प्रधान कैलाश चौधरी, सचिव बृजमोहन गोठवाल, सत्यनारायण, ओमप्रकाश नागर, निरंजन लाल आदि मौजूद रहे।

स्कूली विद्यार्थियों ने हकेंवि में सीखा डीएनए पृथक्करण



महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग में श्रीकृष्ण वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भुंगारका के कक्षा 12वीं के 32 विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों को डीएनए पृथक्करण की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक प्रयोगशाला तकनीकों से परिचित कराना तथा जीव विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उनकी वैज्ञानिक समझ विकसित करना था। जैव प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रूपेश देशमुख तथा सहआचार्य डॉ. हुमिरा सोनाह ने विद्यार्थियों का स्वागत किया। विभाग के शोधार्थियों पवन कुमार, आकाश मौर्य, नेहा और वैभव यादव ने विद्यार्थियों को डीएनए पृथक्करण प्रयोग की विभिन्न प्रक्रियाओं एवं इसके वैज्ञानिक सिद्धांतों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रयोग की प्रक्रिया समझाने के साथ-साथ स्वयं प्रयोग करने का अवसर भी प्रदान किया। इससे विद्यार्थियों को आणविक जीव विज्ञान की इस महत्त्वपूर्ण तकनीक का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने जैव प्रौद्योगिकी विभाग की शोध प्रयोगशालाओं का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्हें प्रयोगशालाओं में उपलब्ध वैज्ञानिक उपकरणों, अनुसंधान संबंधी सुविधाओं तथा विभिन्न शोध गतिविधियों से परिचित कराया गया।

विधायक ने जताया रोहतास यादव के निधन पर शोक

नारनौल। गांव खातौली अहीर निवासी एवं भूमि विकास बैंक के पूर्व अध्यक्ष रोहतास यादव के निधन पर विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने स्वर्गीय रोहतास यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। विधायक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि रोहतास यादव का निधन उनके लिए व्यक्तिगत क्षति है। वे उनके गहरे मित्र थे। उन्होंने हमेशा ईमानदारी और सादगी को अपने जीवन का आधार बनाया। भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने किसानों को सरकार की योजनाओं एवं सुविधाओं के प्रति जागरूक करने और उन तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सराहनीय कार्य किया। विधायक ने परमात्मा से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने ऑनलाइन दर्ज कराई शिकायत

अभिनेता एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के नाम पर साइबर ठगी फेसबुक पर आर्थिक मदद का विज्ञापन देख किया संपर्क

तीन दिन तक फोन पे के माध्यम से रकम ट्रांसफर की

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

नांगल चौधरी थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर निवासी क्रॉकरी व गिफ्ट दुकानदार साइबर ठगी का शिकार हो गया। फेसबुक पर आर्थिक सहायता से जुड़ा विज्ञापन देखने के बाद दुकानदार ने उसमें दिए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया। फोन पर हुई बातचीत के बाद आरोपितों के कहने पर उसने लगातार तीन दिन तक फोन पे के माध्यम से रकम ट्रांसफर की। इसके बावजूद उसे आर्थिक सहायता नहीं मिली। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने पहले ऑनलाइन साइबर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद में थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत

शहबाजपुर निवासी मुकेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह क्रॉकरी और गिफ्ट की दुकान चलाता है। कुछ दिन पहले उसके फेसबुक अकाउंट पर अभिनेता एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय थलापति के नाम से आर्थिक मदद से संबंधित विज्ञापन दिखाई दिया। विज्ञापन में कुछ राशि जमा करवाने के बाद आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया गया था। विज्ञापन में दिए गए मोबाइल नंबर पर मुकेश ने संपर्क किया। फोन पर बात करने वाले व्यक्ति ने उसे आर्थिक सहायता दिलाने का भरोसा दिया और इसके लिए पहले कुछ रकम जमा करवाने के लिए कहा।

तीन दिन तक करता रहा रकम ट्रांसफर

मुकेश के मुताबिक आरोपित के बताए अनुसार उसने अपने फोन पे अकाउंट से अलग-अलग रकम ट्रांसफर की। यह सिलसिला करीब तीन दिन तक चलता रहा। रकम भेजने के बावजूद जब उसे किसी प्रकार की आर्थिक सहायता नहीं मिली, तो उसे अपने साथ साइबर ठगी होने का संदेह हुआ। इसके बाद पीड़ित ने मामले की ऑनलाइन साइबर शिकायत दर्ज कराई। 25 अक्टूबर को वह नांगल चौधरी थाना पहुंचा और पुलिस को लिखित शिकायत देकर ठगी की रकम वापस दिलाने तथा आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपित के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले में संबंधित मोबाइल नंबर, ऑनलाइन लेनदेन और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों की जांच कर रही है। आरोपित की पहचान और ठगी में इस्तेमाल किए गए माध्यमों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो: हरिभूमि

ऑनलाइन टास्क के नाम पर 7.15 लाख रुपये की साइबर ठगी में दूसरा आरोपित गिरफ्तार

नारनौल। साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन टास्क के माध्यम से कमाई का झांसा देकर अटेली मंडी निवासी व्यक्ति से सात लाख 15 हजार रुपये की ठगी के मामले में जांच को आगे बढ़ाते हुए एक और आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिसकी पहचान कमलेश निवासी गांव अखथली, जोधपुर, राजस्थान के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस पहले ही जोधपुर निवासी आरोपी नवीन को गिरफ्तार कर चुकी है। डीएसपी डॉ. कविता ने बताया कि साइबर थाना टीम द्वारा मामले की गहनता से जांच करते हुए ठगी की रकम के लेनदेन और इसमें इस्तेमाल किए गए बैंक खातों की पड़ताल की जा रही है। जांच के दौरान सामने आए तथ्यों व गिरफ्तार आरोपित नवीन से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए आरोपित कमलेश की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपित कमलेश ने अपना बैंक खाता तथा आरोपित नवीन का बैंक खाता साइबर ठगी करने वाले गिरोह को उपलब्ध कराया था। पुलिस अब इस मामले में बैंक खातों के माध्यम से हुए संदिग्ध लेनदेन और अन्य संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका की जांच कर रही है।

मोहल्ला ढींढासर स्थित गुरु रविदास आश्रम में किया सत्संग व भंडारा

हजारों श्रद्धालुओं ने लिया भाग पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

गुरु शिवराम दास महाराज सिद्ध संत हुए : महंत बाबलदास

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

मोहल्ला ढींढासर स्थित गुरु रविदास आश्रम में गुरु शिवराम दास महाराज की 33वीं पुण्यतिथि पर विशाल सत्संग एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नारनौल शहर के अलावा पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और महाराष्ट्र सहित विभिन्न स्थानों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने सत्संग में भाग लेकर गुरु शिवराम दास महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर महंत बाबलदास ने कहा कि गुरु शिवराम दास महाराज यहां के सिद्ध संत हुए हैं। उन्होंने समाज को सद्मार्ग पर चलने, मानव सेवा करने और आपसी भाईचारा बनाए रखने की प्रेरणा दी। उनके बताए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। संतों के विचार समाज को नई दिशा देने का काम करते हैं और गुरु शिवराम दास महाराज का जीवन भी सेवा, साधना और मानव कल्याण के लिए समर्पित रहा।





नारनौल। गुरु शिवराम दास को श्रद्धांजलि अर्पित करते महंत बालकदास एवं अन्य गणमान्य व सम्मानित करते हुए फोटो: हरिभूमि

सेवानिवृत्ति पर देशी घी का भंडारा, वाहन भेंट

इस मौके पर गांव कुराहवटा निवासी सजना देवी पत्नी मा. लक्ष्मण सिंह की ओर से अपनी सेवानिवृत्ति के अवसर पर देशी घी के भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं पौत्र चि. छायांक के जन्मोत्सव पर श्रीश्री 1008 केशवदास जी महाराज छत्तरी वाले बाबा के श्री चरणों में एक बोलेरो गाड़ी बी-6 भेंट की गई।

यह रहे मौजूद

कार्यक्रम में नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी, गुरु रविदास महासभा के प्रधान बाबूलाल नारनौलिया, एससी-एसटी यूनियन के पूर्व प्रधान व रिटायर्ड चीफ मैनेजर जयनारायण दुग्गल, वर्तमान प्रधान राजपाल गोरा, सूबेदार फूलचंद, बिजली यूनियन के पूर्व सर्कल प्रधान पूर्णचंद, सुरेश कुमार, ओमप्रकाश मांडैया, बाबूलाल मुंडिया खेड़ा, सुरेंद्र महल, मंजीत गोठवाल, सुरेंद्र सिहमा, रतनलाल सुधाकर, मदन लाल डाडैया, एडवोकेट चंद्रप्रकाश, इंस्पेक्टर रामस्वरूप, रामकिशन धौलेड़ा, पवन कुमार, प्रीतम कुमार, टिंकू, मोनू, रोहताश नीरपुर, सुनील, बलबीर हुडीना, मुन्नेलाल, प्रकाशचंद, रामनिवास नम्बरदार, रामनिवास गढ़ी, कैलाश, बनवारी लाल, अशोक कुमार एवं जयसिंह नारनौलिया समेत सैंकड़ों लोगों ने शिरकत की।

पांच घंटे चला राजा हरिश्चंद्र का सांग

कार्यक्रम में एसडी महिला महाविद्यालय नरवाना (जींद) की छात्राओं ने प्रसिद्ध कला प्रेमी मास्टर जसवीर के निर्देशन में 'राजा हरिश्चंद्र' का संपूर्ण सांग प्रस्तुत किया। करीब पांच घंटे चले इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी जीवंत प्रतिभा, अभिनय और प्रभावी प्रस्तुति से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। सांग के दौरान आश्रम परिसर में मौजूद श्रद्धालु कार्यक्रम से जुड़े रहे और कलाकारों की प्रस्तुतियों की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरु रविदास आश्रम के महंत बालकदास महाराज ने की। इस दौरान विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव ने मंच से गुरु रविदास सभा को 5 लाख रुपये का आर्थिक सहयोग देने की घोषणा की।

मॉडर्न स्कूल में हुई पीटू प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। खेलों से शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक मजबूती, अनुशासन और टीम भावना का विकास होता है। उपरोक्त बातें रविवार को मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय पीटू प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए चेयरमैन सतनसिंह ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए व्यक्त की। इस मौके पर पीटू जोनल सेकेटरी विकास पुनिया मुख्यरूप से उपस्थित थे। प्राचार्य प्रदीप कुमार तंवर ने बताया कि रविवार को मॉडर्न स्कूल में पीटू एसोशिएशन द्वारा जिला स्तरीय पीटू खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महेंद्रगढ़ जिले के लगभग एक दर्जन विद्यालय की टीम ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का आयोजन अंडर-14, अंडर-17 तथा अंडर-19 आयुवर्ग में किया गया। इस प्रतियोगिता में लड़के व लड़कियों की अंडर-19 आयुवर्ग में मॉडर्न स्कूल की टीम ने प्रथम, अंडर-14 आयुवर्ग में एसपीजी स्कूल के लड़कों की टीम ने प्रथम, ओजेएस की टीम ने द्वितीय तथा बीजेआरडी.की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस मौके पर कोच गूगन, राहुल, अनिल, जोगेंद्र, पिंकी, प्रीति, नीलम, भूपेश व अनिल के साथ-साथ भूपेंद्र सैनी, राकेश श्योपूरा, दिनेश सैनी, विनोद, निकिता, संगीता, ज्योति, हनुमान आदि उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

डॉ. महेश व हिमांशु शर्मा का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा व जयपुर उद्योग विभाग में असिस्टेंट कमिश्नर हिमांशु शर्मा का गौड़ ब्राह्मण सभा एवं जनसेवा मंडल की ओर से अभिनंदन किया गया। समाज के प्रतिनिधियों ने डॉ. महेश शर्मा व हिमांशु शर्मा का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में गौड़ ब्राह्मण सभा अटेली के अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, जिला गौड़ ब्राह्मण सभा के उपाध्यक्ष रामानंद शर्मा, जनसेवा मंडल के उपाध्यक्ष विजय मुद्गिल, बाबूलाल जांगिड़, अजीत, अशोक जांगड़ा, योगेश बाछौदिया, मनोज शर्मा, नांगल, आजाद शर्मा, उज्ज्वल मौजूद थे। गौड़ ब्राह्मण सभा एवं जनसेवा मंडल की ओर से कार्यक्रम में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



नारनौल। डॉ. महेश शर्मा का स्वागत करते हुए। फोटो: हरिभूमि

अनाज मंडी में आज बवानिया व गुलाबला गांव के बाजरे की होगी खरीद

महेंद्रगढ़। एसडीएम योगेश सैनी ने कहा कि अनाज मंडी में किसानों को लाईनों में ना लगना पड़े इसके लिए गांव वाइज शेड्यूल बनाया गया है। सभी किसान गांवों के जारी किए गए शेड्यूल अनुसार ही मंडी में अपनी बाजरे की फसल लेकर आए, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े। एसडीएम योगेश सैनी ने बताया कि महेंद्रगढ़ अनाज मंडी में 27 अक्टूबर को गांव बवानिया, गुलावला, के किसानों की बाजरे की फसल की खरीद होगी। इसके बाद 28 अक्टूबर को जाट व जाटवास गांव के किसान और 29 अक्टूबर को गांव खरकड़ा, सिसोठ और 30 अक्टूबर कोथल कलां व कोथल खुर्द गांव के किसान महेंद्रगढ़ अनाज मंडी में अपनी बाजरे की फसल बेचने के लिए लाए। एसडीएम ने कहा कि अगर इन गांवों में से कोई किसान किसी कारण से अपनी निर्धारित तिथि पर मंडी में नहीं पहुंचता है तो वो किसान 31 अक्टूबर को अपनी फसल मंडी में ला सकता है। उन्होंने कहा कि इन गांव के अलावा अन्य किसी गांव से कोई किसान मंडी में अपनी फसल ना लेकर आए सभी किसान अपने गांव के निर्धारित किए गए दिन ही मंडी में अपनी फसल लेकर आए ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी ना हो। एसडीएम ने मंडी में फसल लेकर आने वाले किसानों की सुविधा, खरीद प्रक्रिया, फसल के उठान, मंडी में साफ-सफाई तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का पुख्ता प्रबंध रखने के निर्देश दिए हैं।

विजय स्कूल के बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण

- विद्यार्थियों ने उत्साह और उमंग के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और यादगार पल बिताए

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

विजय इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों को ड्रीमलैंड गुरुग्राम में एक शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया।। भ्रमण की शुरुआत विद्यालय सचिव महेंद्र सिंह के द्वारा सभी गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर की गई। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना तथा उनके सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना रहा। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साह और उमंग के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और यादगार पल बिताए।



महेंद्रगढ़। भ्रमण करते हुए। फोटो: हरिभूमि

विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण बातें सीखीं

इस भ्रमण में विद्यार्थियों ने मनोरंजन के साथ-साथ आपसी सहयोग, अनुशासन, सामूहिक सहभागिता और सामाजिक व्यवहार जैसी महत्वपूर्ण बातें सीखीं। चेयरमैन विजय यादव टूमना ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ शैक्षणिक भ्रमण और अन्य रचनात्मक गतिविधियां भी आवश्यक हैं। ऐसे आयोजन बच्चों को नई चीजें सीखने, अपनी प्रतिभा निखारने और जीवन के व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान करते हैं। विद्यालय के सचिव महेंद्र सिंह ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ उनमें अच्छे संस्कार, अनुशासन, आत्मविश्वास और सहयोग की भावना विकसित करना है।

मोहल्ला देवस्थान में सुंदरकांड पाठ आज

नारनौल। श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल के तत्वावधान में मंगलवार रात को मोहल्ला देवस्थान में विपिन वशिष्ठ के निवास स्थान पर सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। मंडल सदस्य तरुण सोनी ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के प्रधान महावीर प्रसाद अग्रवाल करेंगे।

यदुवंशी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा व हुनर

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

यदुवंशी स्कूल में विभिन्न शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों के ग्रैंड फिनाले कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान हिंदी भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता नृत्य सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा, कौशल, रचनात्मकता और ज्ञान का शानदार प्रदर्शन किया। हिंदी भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने प्रभावशाली विचारों और आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया। जिसमें ग्रुप ए में विराजा पुत्री अशोक कुमार प्रथम, विदांशी पुत्री ऋषिराज सोहली द्वितीय स्थान, स्नेहा पुत्री अभय सिंह सोहली तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं ग्रुप बी में वर्षिका पुत्री अनिल कुमार सोहली प्रथम, शानवी पुत्री अनिल कुमार महेन्द्रगढ़ द्वितीय स्थान, वैभव पुत्र विक्रम सोहली तृतीय स्थान प्राप्त किया, ग्रुप सी में कनिका पुत्री मंजीत हांसी प्रथम स्थान, दीया पुत्री दिनेश कुमार नारनौल द्वितीय स्थान, समीक्षा पुत्री आशीष नारनौल तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी बौद्धिक क्षमता, सामान्य ज्ञान और विषयों की समझ का परिचय दिया।



महेंद्रगढ़। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

आत्मविश्वास का परिचय दिया

चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेना भी अत्यंत आवश्यक है। ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव ने कहा कि आज के आयोजन में विद्यार्थियों ने हिंदी भाषण, चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी योग्यता और आत्मविश्वास का परिचय दिया। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव ने सभी सफल प्रतिभागी विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए शुभकामनाएं दी।


इस्तीफा देने के बाद आपसी सहमति से पुनः प्रधान चुने गए असीम राव

प्रेस क्लब नारनौल की बैठक, दिसम्बर के प्रथम सप्ताह में घोषित होगी नई कार्यकारिणी

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

प्रेस क्लब नारनौल (रजि.) की एक बैठक एवं दीपावली मिलन समारोह सोमवार को अपार होटर में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार धर्मनारायण शर्मा ने की। इस दौरान पत्रकारों से जुड़े हितों के बारे में चर्चा की गई। वहीं प्रधान पद से इस्तीफा देने के बाद सर्वसम्मति से असीम राव को ही पुनः प्रधान चुना गया। इस दौरान उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि दिसम्बर माह के प्रथम सप्ताह में कार्यकारिणी की घोषणा कर दी जाएगी।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार धर्मनारायण शर्मा ने कहा कि क्लब हमेशा से पत्रकारों के साथ खड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर किसी खबर को लेकर प्रशासन या अन्य पत्रकार को बिना वजह परेशान करेगा तो क्लब हमेशा उसका साथ देगा। बैठक में शुरू में सभी से विचार जाने गए। वहीं सभी को दीपावली की अग्रीम बधाई दी गई। सभी पत्रकारों ने एकजुट होकर काम करने की बात कही। वहीं क्लब की समय-समय पर बैठक करने के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ साथियों ने कहा कि अब क्लब द्वारा न केवल पत्रकारों के हितों में कार्य किए जाएंगे, बल्कि सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर योगदान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्लब की ओर से समय-समय पर पौधारोपण, वस्त्र वितरण, रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा।



नारनौल। बैठक में शामिल मीडियाकर्मी। फोटो: हरिभूमि

पुरानी भंग कर नई कार्यकारिणी का रखा प्रस्ताव

बैठक के दौरान वरिष्ठ पत्रकार सतीश सैनी ने प्रेस क्लब की पुरानी कार्यकारिणी भंग कर नई कार्यकारिणी का प्रस्ताव सदन में रखा। आपसी सहमति और मौजूद मीडिया कर्मी की रायशुमारी के बाद पुनः असीम राव को प्रेस क्लब नारनौल का प्रधान चुना गया। वहीं धर्मनारायण शर्मा को क्लब का संरक्षक चुना गया।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार बाबूलाल वर्मा, आनंद शर्मा, सुरेंद्र चौधरी, राजकुमार बड़कोदिया, चांद किशोर शर्मा, सुभाष दूरदर्शी, प्रदीप बालरोडिया, सुदेश जांगड़ा व प्रेम शर्मा, राजेश सैनी, आनंद शर्मा अटेली, राजेश यादव, पुनीत भारद्वाज, देवेंद्र यादव, मनोज बुलान, शमशेर कौशिक, विजय यादव, गुलशन यादव, सतीश शर्मा, अरविंद तक्षक, प्रवीण सैनी, इंद्रजीत यादव, नितिन शर्मा, भगवत शर्मा, रामचंद्र कौशिक, विकास कटारिया, विनोद शर्मा, प्रवेश कौशिक, नितेश यादव, सतीश कुमार, रणजीत सैनी, शुभम शर्मा, जितेंद्र सोलंकी, प्रदीप कौशिक, प्रवीण कौशिक, आशीष कौशिक व मोहित शर्मा कौशिक सहित अनेक पत्रकार मौजूद रहे।

एसआईआर पर सबूत रखे विपक्ष : डॉ. यतेंद्र राव

नारनौल। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव ने विपक्ष पर सरकार को बदनाम करने के लिए भ्रामक प्रचार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि लोकतंत्र में विरोध करना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन विरोध तथ्यों और प्रमाणों पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ का नारा देते हुए कहा कि एसआईआर के मुद्दे पर विपक्ष केवल नारेबाजी कर रहा है। यदि किसी के पास गलत नाम काटे जाने का कोई सबूत या प्रमाण है, तो उसे सामने लाना चाहिए। बिना तथ्यों के बयानबाजी कर युवाओं और आम लोगों को भ्रमित करना उचित नहीं है। डॉ. यतेंद्र राव ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार की नीतियों की आलोचना हो सकती है, लेकिन राजनीतिक विरोध की आड़ में भ्रामक जानकारी फैलाना जनता के हित में नहीं है। विपक्ष को चाहिए कि वह केवल आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित रहने के बजाय अपने दावों के समर्थन में ठोस प्रमाण प्रस्तुत करें, ताकि जनता तथ्यों के आधार पर अपनी राय बना सके।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डैंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरुण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295154800, 8295738500, 9253681005